तत्काल

क्रमांक 9/10/88–5पोल
हरियाणा सरकार
मुख्य सचिव कार्यालय
(राजनैतिक शाखा)

दिनांक 21 अक्तूबर, 2022

सेवा में

1. आयुक्त, अम्बाला /हिसार/गुरूग्राम/रोहतक/फरीदाबाद/करनाल मण्डल ।
2. हरियाणा के सभी उपायुक्त ।

विषयः– दिनांक 24 अक्तूबर, 2022 को संयुक्त राष्ट्र का ध्वज फहराए जाने के संबंध में ।

-----

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 अक्तूबर, 2022 को '' संयुक्त राष्ट्र दिवस'' आयोजित करने का निर्णय लिया गया है । इस सम्बन्ध में कृपया निम्नलिखित बातें ध्यान में रखी जायें :–

क) जहां तक सम्भव हो, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम निर्धारित किया जाए ।

ख) जिला मुख्यालयों में स्थित सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ–2 संयुक्त राष्ट्र का ध्वज भी फहराया जाये । सामान्य राष्ट्रीय झंडे को इस प्रकार फहराया जाता है कि वह अपने सामने वाली दिशा के हिसाब से अपने एकदम दाईं ओर होता है अर्थात झंडा फहराने के समय झंडे की ओर मुख किए हुए व्यक्ति के एकदम बाईं ओर ।

ग) सामाजिक समारोह, सामूहिक बैठकें, विचार गोष्ठियां, पोस्टर प्रतियोगिताएं, निबन्ध प्रतियोगिताएं, भाषण तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के कर्तव्यों पर वार्तालाप इत्यादि का आयोजन किया जाए ।

घ) विशेष चित्र, पोस्टर/इश्तिहार और अन्य साहित्य सामग्री निदेशक, लोक सम्पर्क विभाग से सीधे प्राप्त कर ली जायें ।

2. इस अवसर पर यदि कोई खर्च करना पड़े तो उसे आप अपने कार्यालय के फुटकर अनुदान से करें ।

3. 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण दिनांक 15.11.2022 तक महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, हरियाणा तथा मुख्य सचिव कार्यालय (राजनैतिक शाखा) को भेज दें ।

भवदीय,

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

क्रमांक 9/10/88–5पोल

दिनांक चण्डीगढ़ 21 अक्तूबर, 2022.

एक प्रति अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, स्कूल शिक्षा तथा प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, उच्चतर शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं उचित कार्यवाही हेतू भेजी जाती है ।

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

जारी–2

पृ0 क्रमांक 9/10/88--5पोल दिनांक चण्डीगढ़ 21 अक्तूबर, 2022.

एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं उचित कार्यवाही हेतू भेजी जाती है:–

1. निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला ।

2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा पंचकूला ।

3. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, हरियाणा पंचकूला ।

यदि इश्तिहार/पोस्टर इत्यादि की आवश्यक्ता हो तो इस सम्बन्ध में महानिदेशक, लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा से सम्पर्क करें ।

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

पृ0 क्रमांक 9/10/88--5पोल दिनांक चण्डीगढ़ 21 अक्तूबर, 2022.

एक प्रति राज्यपाल, हरियाणा के सचिव/सचिव, हरियाणा विधान सभा/रजिस्ट्रार, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यांयालय को सूचनार्थ भेजी जाती है । उनसे अनुरोध है कि पिछलें वर्षो की भान्ति इस वर्ष भी 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' दिनांक 24.10.2022 को राजभवन, हरियाणा विधान सभा एवं उच्च न्यायलय की इमारत पर यू0एन0ओ0 ध्वज न फहराया जाए ।

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

पृ0 क्रमांक 9/10/88–5पोल दिनांक चण्डीगढ़ 21 अक्तूबर, 2022.

एक प्रति महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ को इस अनुरोध के साथ भेजी जाती है, कि वह समुचित संख्या में विशेष चल–चित्र, पोस्टर और आवश्यक साहित्य सामग्री संयुक्त राष्ट्र वार्ता केन्द्र, नई दिल्ली से मंगवा लें और सभी सम्बन्धित अधिकारियों को तुरन्त भेज दें । यदि इश्तिहार आदि की कमी अनुभव हो तो उन्हें छपवाने का प्रबन्ध नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री से करवा लिया जाए ।

इस मामले में अपनी संयुक्त रिर्पोट (दोहरी प्रति) मुख्य सचिव कार्यालय राजनैतिक शाखा को भेज दी जाए ।

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।